मुंबई, मंगलवार 18 अगस्त-2026
वर्ष- 12 अंक- 284 मूल्य-00 कुल पृष्ठ-04
www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com
+91-95945-42679
Digital Edition
दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र
# पदमावत मीडिया ™
न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे
-:पीडीएफ मंगवाने हेतु संपर्क करें:-
मो.- +91-95945-42679
PADMAVAT MEDIA
Reg. No. MH180326353
महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित
प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत

# उदयपुर जिले में 62 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित, नगर निकाय चुनाव में आरक्षण की लॉटरी से तस्वीर

**पदमावत मीडिया, उदयपुर।**

आगामी नगर निकाय चुनावों को लेकर उदयपुर जिले के शहरी निकायों में वार्ड आरक्षण की तस्वीर सोमवार को साफ हो गई। जिला परिषद सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव अग्रवाल की उपस्थिति में वर्गवार एवं महिला आरक्षण के लिए लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की गई। लॉटरी के बाद जिले के छह नगर निकायों एवं नगर निगम के कुल 190 वार्डों में से 62 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं। जिला परिषद सभागार में सुबह 10.30 बजे वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में आरक्षण प्रक्रिया शुरू हुई। लॉटरी के माध्यम से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अनारक्षित श्रेणी के साथ महिला आरक्षण का निर्धारण किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपेंद्र सिंह राठौड़, एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, मावली विधायक पुष्कर डांगी सहित संबंधित अधिकारी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। नगर निगम उदयपुर में 27 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित नगर निगम उदयपुर के कुल 80 वार्डों में से 27 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित हुए हैं। अनुसूचित जाति के 8 वार्डों में से 3 वार्ड एससी महिला, अनुसूचित जनजाति के 8 वार्डों में से 3 वार्ड एसटी महिला, अन्य पिछड़ा वर्ग के 16 वार्डों में से 5 वार्ड ओबीसी महिला तथा अनारक्षित श्रेणी के 48 वार्डों में से 16 वार्ड अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित किए गए हैं। अनुसूचित जाति के वार्ड 7, 9, 32, 37 एवं 59 तथा अनुसूचित जाति महिला के वार्ड 47, 59 एवं 67 रहे। अनुसूचित जनजाति के वार्ड 41, 43, 65, 77 एवं 79 तथा अनुसूचित जनजाति महिला के वार्ड 13, 42 एवं 62 निर्धारित किए गए। अन्य पिछड़ा वर्ग के वार्ड 2, 6, 11, 14, 21, 22, 23, 48, 71, 72 एवं 74 तथा ओबीसी महिला के वार्ड 34, 38, 55, 61 एवं 68 आरक्षित हुए। अनारक्षित श्रेणी में वार्ड 1, 3, 5, 10, 12, 15, 18, 19, 20, 24, 25, 26, 28, 29, 33, 39, 44, 45, 46, 49,



50, 51, 53, 54, 56, 63, 64, 66, 70, 75, 78 एवं 80 रहे। वहीं अनारक्षित महिला के लिए वार्ड 4, 8, 16, 17, 27, 31, 35, 36, 40, 52, 57, 58, 60, 69, 73 एवं 76 आरक्षित किए गए।

**भीण्डर में 9 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित:** नगरपालिका भीण्डर के कुल 25 वार्डों में से 9 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित हुए। अनुसूचित जाति के वार्ड 20 एवं 22 तथा एससी महिला के लिए वार्ड 1 निर्धारित हुआ। अनुसूचित जनजाति में वार्ड 10 और एसटी महिला में वार्ड 9 आरक्षित किया गया। ओबीसी के वार्ड 4, 14 एवं 15 तथा ओबीसी महिला के वार्ड 5 एवं 24 आरक्षित हुए। अनारक्षित श्रेणी में वार्ड 2, 3, 6, 7, 11, 13, 18, 21, 23 एवं 25 रहे, जबकि अनारक्षित महिला के लिए वार्ड 8, 12, 16, 17 एवं 19 आरक्षित किए गए।

**कानोड़ में 6 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित:** नगरपालिका कानोड़ के 20 वार्डों में से 6 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए। अनुसूचित जाति के वार्ड 1 एवं 11 तथा एससी महिला के लिए वार्ड 6 निर्धारित हुआ। अनुसूचित जनजाति के वार्ड 2 एवं 3 तथा एसटी महिला के लिए वार्ड 7 आरक्षित किया गया। ओबीसी के वार्ड 4, 14 एवं 19 तथा ओबीसी महिला के लिए वार्ड 9 आरक्षित हुआ। अनारक्षित वार्ड 5, 8, 10, 12, 15, 16 एवं 18 रहे, जबकि अनारक्षित महिला के लिए वार्ड 13, 17 एवं 20 निर्धारित किए गए।

**वल्लभनगर में भी 6 वार्ड महिलाओं के हिस्से:** नगरपालिका वल्लभनगर के कुल 20 वार्डों में से 6 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित हुए। एससी के लिए वार्ड 8 और एससी महिला के लिए वार्ड 3 आरक्षित हुआ। एसटी श्रेणी में वार्ड 4, 5 एवं 19 तथा एसटी महिला के लिए वार्ड 1 निर्धारित किया गया। ओबीसी के वार्ड 10, 17 एवं 20 तथा ओबीसी महिला के लिए वार्ड 15 आरक्षित हुआ। अनारक्षित श्रेणी में वार्ड 2, 9, 11, 12, 13, 16 एवं 18 रहे, जबकि अनारक्षित महिला के लिए वार्ड 6, 7 एवं 14 निर्धारित किए गए।

**मावली में 6 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित:** नगरपालिका मावली के 20 वार्डों में से 6 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित हुए। एससी के वार्ड 5 एवं 11 तथा एससी महिला के लिए वार्ड 13 निर्धारित हुआ। एसटी के वार्ड 9 एवं 14 तथा एसटी महिला के लिए वार्ड 15 आरक्षित किया गया। ओबीसी के वार्ड 6, 8 एवं 17 तथा ओबीसी महिला के लिए वार्ड 18 आरक्षित हुआ। अनारक्षित श्रेणी में वार्ड 1, 3, 4, 7, 12, 16 एवं 20 रहे, जबकि अनारक्षित महिला के लिए वार्ड 2, 10 एवं 19 निर्धारित किए गए।

**फतहनगर-सनवाड़ में 8 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित:** नगरपालिका फतहनगर-सनवाड़ के कुल 25 वार्डों में से 8 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए। अनुसूचित जाति के वार्ड 7, 11 एवं 25 तथा एससी महिला के लिए वार्ड 21 आरक्षित हुआ। अनुसूचित जनजाति के वार्ड 9 एवं 10 तथा एसटी महिला के लिए वार्ड 24 निर्धारित किया गया। ओबीसी के वार्ड 1, 2 एवं 16 तथा ओबीसी महिला के लिए वार्ड 6 एवं 8 आरक्षित हुए। अनारक्षित श्रेणी में वार्ड 3, 5, 12, 13, 14, 15, 17, 18 एवं 22 रहे।

## गौवंश संरक्षण एवं स्वास्थ्य संवर्धन की दिशा में बड़ा कदम



**पदमावत मीडिया, जयपुर।**

पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत और गृह, पशुपालन एवं गोपालन राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने हिंगोनिया गौशाला पुनर्वास केंद्र में गौवंश के लिए नेत्र चिकित्सा स्पेशियलिटी सेंटर का शिलान्यास किया। साथ ही मोबाइल पशु रोग निदान प्रयोगशाला वाहन का लोकार्पण कर उसे रवाना किया। नेत्र चिकित्सा केंद्र में गौवंश के नेत्र रोग, मोतियाबिंद एवं दृष्टिहीनता से संबंधित विशेषज्ञ उपचार की सुविधा मिलेगी। वहीं मोबाइल प्रयोगशाला गांवों और गौशालाओं तक पहुंचकर रक्त, दूध एवं अन्य नमूनों की मौके पर जांच कर त्वरित रोग निदान में मदद करेगी। पशुपालन मंत्री ने कहा कि गौवंश संरक्षण एवं स्वास्थ्य सुधार राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने बताया कि इस तरह के नेत्र चिकित्सा केंद्र चरणबद्ध रूप से संभाग स्तर पर विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। मोबाइल प्रयोगशाला वाहन सीएसआर के तहत भारतीय स्टेट बैंक द्वारा उपलब्ध कराया गया है। राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि पशुधन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण आधारशिला है।

## एआई और साइबर सुरक्षा से स्मार्ट होगी पुलिसिंग
### कोटा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**पदमावत मीडिया, जयपुर।**





कोटा शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम की पहल एवं भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी), कोटा के तकनीकी सहयोग से तीन दिवसीय 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं साइबर सुरक्षा आधारित स्मार्ट पुलिसिंग' प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को शुभारंभ हुआ। 17 से 19 अगस्त तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का उद्घाटन राजस्थान के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, कोटा परिसर में किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस विशाल बंसल, उप महानिरीक्षक पुलिस कुँवर राष्ट्रदीप सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं पाठ्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर ज्ञान सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर पुलिसिंग को आधुनिक तकनीक से सशक्त बनाने तथा तेजी से बढ़ती डिजिटल एवं साइबर चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने की दिशा में प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व पर चर्चा की गई। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय में अपराध के तौर-तरीकों में तेजी से बदलाव हो रहा है। ऐसे में पुलिस बल को नई तकनीकों और डिजिटल माध्यमों की व्यावहारिक जानकारी से लगातार अपडेट रखना जरूरी है। उन्होंने भविष्य में भी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए इस प्रकार के तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। तीन दिवसीय प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा, ओएसआईएनटी तथा अन्य उभरती डिजिटल तकनीकों के संबंध में व्यावहारिक दक्षता बढ़ाना है। प्रशिक्षण के माध्यम से इन तकनीकों का उपयोग अपराध अनुसंधान, डिजिटल इंटेलिजेंस, साइबर जांच और दैनिक पुलिसिंग में अधिक प्रभावी ढंग से करने की क्षमता विकसित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को केवल सैद्धांतिक जानकारी ही नहीं दी जाएगी, बल्कि व्यावहारिक अभ्यास एवं सिमुलेशन के माध्यम से कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित उपकरणों, साइबर जांच, ओएसआईएनटी और स्मार्ट पुलिसिंग के विभिन्न पहलुओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में वास्तविक पुलिसिंग परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए तकनीकी ज्ञान और कौशल विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोटा शहर तथा कोटा रेंज के अन्य जिलों से कुल 75 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी भाग ले रहे हैं। प्रतिभागियों को डिजिटल तकनीकों के बदलते स्वरूप, साइबर अपराधों की जांच तथा आधुनिक पुलिसिंग में तकनीक के प्रभावी इस्तेमाल से जुड़े विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया जा रहा है। यह पहल पुलिसिंग में तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के साथ पुलिस बल को भविष्य की डिजिटल चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और साइबर सुरक्षा जैसे आधुनिक तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग से अपराध अनुसंधान एवं साइबर जांच को अधिक सशक्त बनाने तथा आमजन को सुरक्षित और प्रभावी पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

## महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए महत्वपूर्ण निर्णय, दिव्यांग पेंशन योजना फिर शुरू होगी



**पदमावत मीडिया, मुंबई।**

मुंबई महानगरपालिका महिला एवं बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष मीनल संजय तुर्डे की अध्यक्षता में समिति के विभिन्न विषयों को लेकर महिला पदाधिकारियों एवं महापालिका प्रशासन की बैठक हुई। बैठक में महिलाओं, दिव्यांगों, महिला बचत समूहों और महिला उद्यमिता से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में भांडूप में प्रस्तावित महिला भवन के निर्माण पर चर्चा हुई। बजट को मंजूरी मिलने के बाद भवन एवं निर्माण विभाग द्वारा निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी। साथ ही वर्ष 2025-26 से बंद धर्मवीर आनंद दिघे दिव्यांग पेंशन योजना को फिर शुरू करने के निर्देश दिए गए। आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद पात्र दिव्यांगों को पेंशन दी जाएगी। डेढ़ वर्ष से अनुदान से वंचित महिला बचत समूहों के लिए अधिकतम 25 हजार रुपये का कार्यशील पूंजी अनुदान फिर शुरू करने का निर्णय भी लिया गया। इसके अलावा महिलाओं को रोजगार एवं व्यवसाय के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभागवार व्यवसायोन्मुख प्रशिक्षण देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बैठक में संबंधित अधिकारी एवं महिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला पर्यावरण समिति की बैठक में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता पर मंथन, ऐतिहासिक बावड़ियों के जीर्णोद्धार का बनेगा एक्शन प्लान

**पदमावत मीडिया, उदयपुर।**

जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े विभिन्न विषयों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने तथा आमजन एवं पर्यटकों को स्वच्छ और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में शहर के वेटलैंड क्षेत्रों के चिन्हीकरण, सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम, पर्यटन स्थलों की साफ-सफाई, प्रदूषण नियंत्रण, मेडिकल वेस्ट के उचित निस्तारण सहित पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने शहर में स्थित ऐतिहासिक बावड़ियों का चिन्हीकरण कर उनकी वर्तमान स्थिति का आकलन करने तथा उनके जीर्णोद्धार के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक एवं



पारंपरिक जल संरचनाएं शहर की विरासत होने के साथ-साथ जल संरक्षण की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इनके संरक्षण एवं आवश्यक सौंदर्यीकरण के साथ इन्हें पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर भी कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पर्यटकों के बीच उदयपुर की स्वच्छ एवं सुंदर छवि बनी रहे, इसके लिए संबंधित विभाग पर्यटन स्थलों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों की नियमित निगरानी करें और जहां भी कमी नजर आए, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने विशेष रूप से फतहसागर झील से सटे विभिन्न क्षेत्रों में दृश्यमान स्वच्छता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि फतहसागर एवं इसके आसपास का क्षेत्र शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल है। ऐसे में यहां स्वच्छता व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। झील के आसपास संचालित वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिए डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को बेहतर एवं नियमित बनाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलने से रोकने, कचरे का उचित निस्तारण सुनिश्चित करने तथा स्वच्छता व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए। अधिकारियों से कहा गया कि पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता केवल अभियान तक सीमित नहीं रहे, बल्कि नियमित व्यवस्था के रूप में प्रभावी रूप से लागू हो। बैठक में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने पर भी विशेष जोर दिया गया। जिला कलेक्टर ने कहा कि बच्चों एवं युवाओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित करने के लिए विद्यालयों में नियमित जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएं।

## नाकाबंदी तोड़कर भाग रही ब्रेजा कार से 127.690 किलो अवैध डोडा चूरा जब्त

**बेकरि्या थाना पुलिस की कार्रवाई, तस्कर सुनसान जगह पर कार छोड़कर जंगल में फरार; वाहन जब्त कर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज**

**पदमावत मीडिया, उदयपुर।**



जिले में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बेकरि्या थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 127 किलो 690 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा बरामद किया है। पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी में प्रयुक्त ब्रेजा कार क्रमांक ऋछ्व27 ष्टस्न6425 को भी जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान कार चालक नाकाबंदी तोड़कर फरार हो गया। पुलिस मुख्यालय जयपुर की ओर से 20 जुलाई से 20 अगस्त 2026 तक अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत 17 अगस्त को बेकरि्या थानाधिकारी रामावतार मीणा मय टीम ने एनएच-27 पर उदयपुर से पिंडवाड़ा जाने वाले मार्ग पर विशेष नाकाबंदी की थी। इसी दौरान उदयपुर की ओर से आ रही सफेद रंग की ब्रेजा कार को पुलिस टीम ने रोकने का संकेत दिया। पुलिस को देखकर कार चालक ने रुकने के बजाय नाकाबंदी तोड़ दी और तेज गति से पिंडवाड़ा की ओर भागने लगा। पुलिस टीम ने तत्काल कार का पीछा शुरू किया। चालक कार को क्यारी से भंवरका खेड़ा जाने वाले मार्ग की ओर ले गया और आगे सुनसान स्थान पर कार खड़ी कर पास के घने जंगल एवं पहाड़ी क्षेत्र की ओर भाग निकला।

## संक्षिप्त समाचार

### 52.410 किलो डोडाचूरा और 175.52 ग्राम अफीम जब्त

पदमावत मीडिया, राजसमंद।

ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत रेलमगरा पुलिस ने छोगा बा का खेड़ा में एक मकान की तलाशी लेकर 52.410 किलो डोडाचूरा और 175.52 ग्राम अफीम बरामद की। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक कांटा और एंड्रॉयड मोबाइल भी जब्त कर आरोपी रामू उर्फ रामसिंह बंजारा को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

### दिवंगत हेड कांस्टेबल के परिवार को 2 लाख की सहायता

पदमावत मीडिया, राजसमंद।

राजसमंद पुलिस परिवार ने दिवंगत हेड कांस्टेबल युवराज सिंह के आश्रित परिवार को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। पुलिसकर्मियों के वेतन से एकत्र सहयोग राशि से यह सहायता दी गई। पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल ने दिवंगत पुलिसकर्मी के पुत्र हर्षराज सिंह को उनकी पत्नी श्यामा कुंवर के नाम जारी सहायता राशि का चेक सौंपा। पुलिस विभाग ने दिवंगत कार्मिकों के परिवारों के साथ सहयोग एवं संवेदनशीलता बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### फसल बीमा पोर्टल पर गांव नहीं दिखने की समस्या का होगा त्वरित समाधान

पदमावत मीडिया, जयपुर/उदयपुर।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ-2026 में अधिकाधिक किसानों को लाभ दिलाने के लिए कृषि विभाग ने राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर गांवों का विवरण अद्यतन करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। कृषि आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने बताया कि फसल बीमा की अंतिम तिथि 16 अगस्त निर्धारित है। किसानों के हित में इसे बढ़ाकर 20 अगस्त करने का भारत सरकार से अनुरोध किया गया है। उन्होंने बताया कि कुछ गांवों के नाम पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं होने की शिकायतें मिली हैं। संबंधित अधिकारियों को ऐसे गांवों का विवरण तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पोर्टल पर जानकारी अपडेट की जा सके। उन्होंने कहा कि किसी पात्र किसान को बीमा सुविधा से वंचित नहीं होने दिया जाएगा। इस बार कम प्रीमियम के साथ सात दिन में बीमा प्रति उपलब्ध कराने और सर्वे में देरी पर पेनल्टी जैसे प्रावधान किए गए हैं। किसान पहचान पत्र अनिवार्य किए जाने से फर्जीवाड़े पर भी रोक लगेगी।

### खुशी चौहान का माय भारत वॉलंटियर के रूप में चयन

पदमावत मीडिया, उदयपुर।



केंद्र सरकार की युवा सशक्तिकरण योजना 'मेरा युवा भारत' के तहत गिर्वा ब्लॉक के लिए खुशी चौहान का माय भारत वॉलंटियर के रूप में चयन हुआ है। साक्षात्कार एवं दस्तावेज सत्यापन के बाद जारी चयन सूची में उनका नाम शामिल किया गया। जिला युवा अधिकारी समीर खान ने बताया कि खुशी ब्लॉक स्तर पर सरकारी योजनाओं, स्वच्छता अभियानों, युवा कार्यक्रमों एवं सामाजिक कार्यों के साथ क्षय रोग जागरूकता और टीबी उन्मूलन अभियान में भी सक्रिय भूमिका निभाएंगी। चयन पर क्षेत्रवासियों, शिक्षकों एवं परिजनों ने उन्हें बधाई दी।

### मानव सेवा समिति ने मनाया सावन महोत्सव व पारिवारिक पिकनिक



पदमावत मीडिया, उदयपुर।

मानव सेवा समिति की ओर से सावन महोत्सव एवं पारिवारिक पिकनिक अमरख जी महादेव मंदिर परिसर में आयोजित की गई। कार्यक्रम से पूर्व समिति की टीम ने अस्पताल परिसर में 158 तामीरदारों के लिए भोजन तैयार किया। इसके बाद सदस्यों ने मंदिर में पूजा-अर्चना की और अल्पाहार का आयोजन किया। पारिवारिक पिकनिक के दौरान भजन, कीर्तन, गीत-संगीत एवं नृत्य प्रस्तुतियों से माहौल उत्साहपूर्ण रहा। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रकाश वर्डिया, संरक्षक रजनी डांगी, महासचिव शिवरतन तिवारी सहित 55 सदस्य उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी प्रो. विमल शर्मा ने बताया कि पदाधिकारियों ने सेवा कार्यों के साथ पारिवारिक आत्मीयता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष तीन पारिवारिक पिकनिक आयोजित करने पर जोर दिया।

### पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए 18 अगस्त को होने वाली आरक्षण-लॉटरी प्रक्रिया स्थगित

पदमावत मीडिया, जयपुर।

पंचायती राज संस्थाओं के श्रेणीवार आरक्षण के निर्धारण एवं आवंटन के लिए 18 अगस्त 2026 को सरपंच एवं पंच के लिए संबंधित उपखंड मुख्यालयों पर प्रातः 9 बजे तथा जिला परिषद सदस्य, प्रधान एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए दोपहर 2 बजे कलक्ट्रेट सभागार में निर्धारित आरक्षण-लॉटरी प्रक्रिया को स्थगित किया गया है। जिला कलक्टर (पंचायत) संदेश नायक ने बताया कि पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में संशोधन करते हुए जिला परिषद् सदस्य, प्रधान एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए आरक्षण-लॉटरी की तिथि 17 सितंबर 2026 तथा सरपंच एवं पंच के लिए आरक्षण-लॉटरी की तिथि 18 सितंबर 2026 सुनिश्चित की गई है।

### अगस्त माह की जिला स्तरीय जनसुनवाई स्थगित

पदमावत मीडिया, जयपुर। जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं जिला जन अभाव अभियोग एवं सतर्कता समिति, जयपुर की मासिक बैठक, जो 20 अगस्त 2026 (तृतीय गुरुवार) को जिला कलेक्ट्रेट सभागार, जयपुर में आयोजित की जानी थी, को स्थगित कर दिया गया है। इसके साथ-साथ ब्लॉक स्तरीय व ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई भी स्थगित कर दी गई हैं।

## बारां और झालावाड़ को 1,258 करोड़ के 98 विकास कार्यों की सौगात

# मोदी के नेतृत्व में विकसित और शक्तिशाली भारत का निर्माण, मुख्यमंत्री शर्मा बोले—महत्वपूर्ण जल समझौतों से प्रदेश में बहेगी विकास की गंगा

पदमावत मीडिया, बारां/जयपुर।







केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हाड़ौती अंचल में राष्ट्रभक्ति की गौरव गाथा गूंजती है। बारां की मिट्टी में लोकजीवन की सुगंध और लोकगीतों में पीढ़ियों की स्मृतियां संजोई हुई हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना को लेकर महत्वपूर्ण समझौता हुआ है, जिससे 4 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा। इसी प्रकार यमुना जल से जुड़ा महत्वपूर्ण समझौता भी हुआ है, जिससे प्रदेश में निरंतर विकास की गंगा बहेगी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री सोमवार को बारां की कृषि उपज मंडी में बारां-झालावाड़ के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा सर्वोपरि है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वैभवशाली, गौरवशाली, समृद्ध और शक्तिशाली भारत का निर्माण हो रहा है। प्रधानमंत्री की पहल पर पहली बार लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रगीत और वंदे मातरम् का गायन हुआ। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बारां, झालावाड़ और कोटा के कृषि क्षेत्र के विकास का रोडमैप तैयार किया जाएगा। इससे किसान नई फसलों का उत्पादन कर सकेंगे और उनकी आय बढ़ेगी। इन जिलों में राज्य सरकार के सहयोग से खेत से प्रोसेसिंग और प्रोसेसिंग से निर्यात तक नई मूल्य शृंखला विकसित की जाएगी, जिससे कृषि उत्पादों का उत्पादन बढ़ाने के साथ विपणन और निर्यात के माध्यम से उन्हें देश-दुनिया के बाजारों तक पहुंचाया जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने राजस्थान के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 3,473 करोड़ रुपये की लागत से 2 लाख 89 हजार 355 नवीन आवास निर्माण तथा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं कृषि उन्नति योजना के लिए 340 करोड़ रुपये की स्वीकृति के पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प से देश में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य पूरा हुआ है और अब 3 करोड़ और लखपति दीदियां बनाई जाएंगी। महिलाओं को अब तक स्वरोजगार के लिए 13 हजार 461 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए हैं। राजस्थान में राजीविका के माध्यम से महिला सशक्तीकरण को आगे बढ़ाया जा रहा है और इसके तहत 32 लाख लखपति दीदी बनाई जाएंगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गरीबों को आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में कई बदलाव किए गए हैं। अब दोपहिया वाहन धारकों तथा 10 हजार रुपये से अधिक मासिक आय वाली महिलाओं को भी आवास का लाभ मिल सकेगा। वहीं जिन किसानों के पास 5 एकड़ असिंचित और ढाई एकड़ सिंचित भूमि होगी, उन्हें भी आवास निर्माण के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। उन्होंने मनरेगा में सुधार के लिए नई योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस वित्तीय वर्ष में केंद्र एवं राज्य सरकार के योगदान से 12 हजार करोड़ रुपये गांवों के विकास कार्यों पर खर्च किए जाएंगे। गांवों में आधारभूत संरचनाओं का निर्माण होगा और विकास कार्यों का फैसला गांव में ही किया जाएगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत राजस्थान के गांवों में सड़क निर्माण एवं मरम्मत की सौगात भी मिलेगी। केंद्रीय कृषि मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को 6 हजार रुपये तथा राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त 3 हजार रुपये की सम्मान निधि दी जा रही है। इससे प्रदेश के किसानों को कुल 9 हजार रुपये की सम्मान निधि मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर हुए समझौतों से किसान कल्याण को मजबूती मिली है। किसानों को रबी और खरीफ की फसलों के लिए उचित दर पर खाद उपलब्ध कराई गई है। नकली बीज, कीटनाशक और खाद से किसानों को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए नया कानून लाया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प के साथ कदम से कदम मिलाकर विकसित राजस्थान के निर्माण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है। सरकार का संकल्प है कि किसान, महिला, युवा, मजदूर सहित हर परिवार का जीवन बेहतर हो।

### बारां और झालावाड़ में 98 विकास कार्य

कार्यक्रम में बारां जिले के लिए 1,203 करोड़ रुपये के 76 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। इनमें 562 करोड़ रुपये के 29 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 641 करोड़ रुपये के 47 विकास कार्यों का शिलान्यास शामिल है। वहीं झालावाड़ जिले में 55 करोड़ रुपये के 22 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास हुआ। इनमें 26 करोड़ रुपये के 10 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 29 करोड़ रुपये के 12 विकास कार्यों का शिलान्यास शामिल है। इस प्रकार दोनों जिलों को कुल 1,258 करोड़ रुपये के 98 विकास कार्यों की सौगात मिली। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान समृद्ध होगा तो देश समृद्ध होगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कुसुम और किसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं ने किसानों की आय सुरक्षित करने, कृषि लागत कम करने और उन्हें आसान ऋण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## सफाईकर्मी पिंटू की ईमानदारी से लौटा यात्री का नकदी से भरा पर्स, आरपीएफ की तत्परता सराहनीय

पदमावत मीडिया, उदयपुर।



दिल्ली से उदयपुर आ रही मेवाड़ एक्सप्रेस में यात्री महेंद्र तलेसरा का पर्स सीट पर छूट गया। सूचना मिलते ही आरपीएफ अधिकारी परमजीत सिंह ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए पर्स की तलाश करवाई। ट्रेन में कार्यरत सफाईकर्मी पिंटू को पर्स मिला। उन्होंने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए पर्स को तुरंत आरपीएफ कार्यालय में जमा करा दिया। पर्स मिलने की सूचना परमजीत सिंह ने तत्काल महेंद्र तलेसरा को दी। उदयपुर आरपीएफ कार्यालय पहुंचने पर सुरेंद्र सिंह एवं विकास कुमार ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर पर्स सुरक्षित रूप से महेंद्र तलेसरा को सुपुर्द किया। महेंद्र तलेसरा ने कहा कि पिंटू की ईमानदारी ने न केवल उनका खोया सामान लौटाया, बल्कि आज के समय में ईमानदारी और इंसानियत पर विश्वास भी मजबूत किया है। उन्होंने पिंटू सहित आरपीएफ अधिकारी परमजीत सिंह , सुरेंद्र सिंह एवं विकास कुमार के त्वरित सहयोग, कर्तव्यनिष्ठा एवं संवेदनशीलता के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

## नारायण सेवा संस्थान में 'अपनों से अपनी बात भोलेनाथ के साथ' शुरू

पदमावत मीडिया, उदयपुर।



सावन के तीसरे सोमवार और नागपंचमी के पावन अवसर पर नारायण सेवा संस्थान के सेवा महातीर्थ बड़ी में 'अपनों से अपनी बात भोलेनाथ के साथ' आध्यात्मिक आयोजन की शुरुआत हुई। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल के सानिध्य में आयोजित शिव कथा में दिव्यांगजन, रोगी और उनके परिजन भक्ति भाव से शामिल हुए। कथा के दौरान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने शिव तत्व की व्याख्या करते हुए कहा कि भगवान शिव केवल आराधना के देव नहीं, बल्कि त्याग, करुणा, संतुलन और समभाव के प्रतीक हैं। उन्होंने शिव और शक्ति के मिलन से सृष्टि के विस्तार का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि शिव की सृष्टि-दृष्टि से भगवान विष्णु का प्राकट्य हुआ। इसके बाद शिव और विष्णु के बीच हुए संवाद का मार्मिक वर्णन किया गया। कथा में विष्णु से ब्रह्मा जी के प्राकट्य और ब्रह्मा द्वारा विष्णु से उनके प्राकट्य का कारण जानने के प्रसंग को भी विस्तार से सुनाया गया। प्रशांत अग्रवाल ने शिव तत्व को वर्तमान जीवन से जोड़ते हुए कहा कि आज के समय में मनुष्य को बाहरी संघर्ष से अधिक अपने भीतर के विकारों पर विजय पाने की आवश्यकता है। शिव का संदेश हमें विषम परिस्थितियों में धैर्य, दूसरों के प्रति करुणा और जीवन में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देता है। सेवा, त्याग और परोपकार के भाव से ही जीवन सार्थक बनता है। आयोजन में मौजूद दिव्यांगजन एवं रोगियों ने शिव कथा का रसास्वादन किया। लाभान्वित दिव्यांगजनों ने अपने जीवन में आए बदलाव और आत्मनिर्भरता के अनुभव साझा करते हुए संस्थान की सेवाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। परिसर में भक्ति, श्रद्धा और सेवा का वातावरण बना रहा।

## सविना थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 147.100 किलो अवैध अफीम डोडाचूरा जब्त

पदमावत मीडिया, उदयपुर।




सविना थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 147.100 किलोग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा बरामद किया है। पुलिस ने डोडाचूरा परिवहन में प्रयुक्त किया सेल्टोस कार को भी जब्त किया है। नाकाबंदी के दौरान तस्कर पुलिस को देखकर वाहन छोड़कर जंगल की ओर भाग गए। पुलिस के अनुसार राज्य में सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस महानिरीक्षक उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव एवं जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा एवं वृत्ताधिकारी वृत्त नगर पूर्व छवि शर्मा के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी दलवीर सिंह मय टीम ने नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध वाहन को देखा। पुलिस को देखकर अज्ञात तस्करों ने अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडाचूरा से भरी किया सेल्टोस कार सड़क पर छोड़ दी और जंगल की ओर भाग गए। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो उसकी डिग्गी तथा पीछे की सीट पर प्लास्टिक के कट्टों में कुल 147.100 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडाचूरा मिला। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त वाहन सहित मादक पदार्थ जब्त कर लिया। मामले में सविना थाने पर प्रकरण संख्या 283/2026, धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान शुरू किया गया है। फरार तस्करों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## 'ऑपरेशन ट्रैकडाउन' में 4771 कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया, चंडीगढ़।



हरियाणा पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर 1 से 15 अगस्त तक चलाए गए 'ऑपरेशन ट्रैकडाउन' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 4771 कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया। अभियान में 3915 मामले दर्ज किए गए, जबकि 28 इनामी अपराधी भी पकड़े गए। पुलिस ने 1406 हिस्ट्रीशीट अपडेट करने के साथ 241 नए आदतन अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली। अभियान के दौरान 135 देसी कट्टे, 76 पिस्टल, 287 कारतूस सहित अन्य अवैध हथियार तथा अपराध में प्रयुक्त 336 वाहन जब्त किए गए। नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई में हेरोइन, चरस, गांजा, अफीम, पोपी स्ट्रॉ सहित विभिन्न मादक पदार्थ और नशीली गोलियां बरामद की गईं। हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, फिरौती, अपहरण और स्नैचिंग जैसे गंभीर मामलों में भी सैकड़ों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। डीजीपी अजय सिंघल ने कहा कि अभियान का उद्देश्य अपराधियों के साथ उनके नेटवर्क पर प्रभावी कार्रवाई करना है। उन्होंने लोगों से अपराध एवं नशा तस्करी की सूचना पुलिस को देने की अपील की।

## मदद के बहाने राहगीर का अपहरण कर मारपीट, अश्लील वीडियो बनाकर 25 हजार रुपये वसूले, चार गिरफ्तार

पदमावत मीडिया, उदयपुर।




प्रतापनगर थाना पुलिस ने मदद के बहाने राहगीर का अपहरण कर मारपीट करने, अश्लील वीडियो बनाने और धमकाकर रुपये वसूलने के मामले का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार, मोबाइल फोन तथा धमकाकर वसूले गए 25 हजार रुपये बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 1 अगस्त 2026 को परिवादी ने प्रतापनगर थाने में रिपोर्ट दी थी कि वह हिंदुस्तान जिंक स्मेल्टर देबारी में ड्यूटी के बाद अपने घर लौट रहा था। रास्ते में उसे एक अज्ञात व्यक्ति हाईवे पर पड़ा दिखाई दिया, जिसके मुंह से झाग निकल रहा था। मदद के लिए रुकने पर तीन अन्य व्यक्ति भी मौके पर आ गए। घायल व्यक्ति ने परिवादी पर स्प्रे डाल दिया, जिससे उसकी आंखों के सामने अंधेरा छा गया। इसके बाद चारों ने उसे पकड़कर स्विफ्ट डिजायर कार में डाल लिया और अंबेरी वाले रोड की ओर ले गए। आरोपियों ने परिवादी का अश्लील वीडियो बना लिया और उसके पेटीएम से करीब 25 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की तथा किसी को घटना की जानकारी देने या थाने में रिपोर्ट करने पर वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण संख्या 427/2026 धारा 140(3), 119(1), 308(2) एवं 3(5) बीएनएस 2023 में दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा एवं वृत्ताधिकारी वृत्त नगर पूर्व छवि शर्मा के सुपरविजन में प्रतापनगर थानाधिकारी अजय सिंह राव के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने आसूचना और तकनीकी सहयोग से आरोपियों की पहचान कर देवेन्द्र विश्नोई, मनीष जोशी, नरेंद्र रेबारी और ओम प्रकाश जाट को गिरफ्तार किया।

## संक्षिप्त समाचार

### एक नगर निगम, दो नगर परिषद सहित 19 नगरीय निकायों के वार्डों की निकली लॉटरी



**पदमावत मीडिया, जयपुर।**

जयपुर जिले की एक नगर निगम, दो नगर परिषद और 16 नगरपालिकाओं के आगामी चुनाव के लिए वार्डों में सीटों का निर्धारण एवं वर्गीकरण सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिला वार्डों के आरक्षण की लॉटरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी (म्युनिसिपल) संदेश नायक ने बताया कि ओबीसी आरक्षण का निर्धारण ओबीसी आयोग के सर्वे एवं सरकार के निर्देशों के अनुसार किया गया। आरक्षण की लॉटरी राजकीय विद्यालय की छात्राओं के माध्यम से निकाली गई। इस दौरान विधायक कालीचरण सर्राफ, विधायक महेंद्रपाल मीणा, नगर निगम जयपुर आयुक्त ओम कसेरा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### एक नगर निगम, दो नगर परिषद सहित 19 नगरीय निकायों के वार्डों की निकली लॉटरी



**पदमावत मीडिया, जयपुर।**

जयपुर जिले की एक नगर निगम, दो नगर परिषद और 16 नगरपालिकाओं के आगामी चुनाव के लिए वार्डों में सीटों का निर्धारण एवं वर्गीकरण सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिला वार्डों के आरक्षण की लॉटरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी (म्युनिसिपल) संदेश नायक ने बताया कि ओबीसी आरक्षण का निर्धारण ओबीसी आयोग के सर्वे एवं सरकार के निर्देशों के अनुसार किया गया। आरक्षण की लॉटरी राजकीय विद्यालय की छात्राओं के माध्यम से निकाली गई। इस दौरान विधायक कालीचरण सर्राफ, विधायक महेंद्रपाल मीणा, नगर निगम जयपुर आयुक्त ओम कसेरा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### भिवंडी में वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, एक आरोपी गिरफ्तार



**पदमावत मीडिया, भिवंडी।**

ठाणे शहर पुलिस की अपराध शाखा, घटक-2 भिवंडी ने वाहन चोरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चार मोटरसाइकिल और एक ऑटो रिक्शा, कुल 1.85 लाख रुपये का मुद्देमाल बरामद किया। कार्रवाई से वाहन चोरी के पांच मामले सुलझे हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी अक्षय पिराजी पवार, उम्र 22 वर्ष, निवासी हिंगोली को गोपनीय सूचना के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसके कब्जे से चोरी के वाहन बरामद हुए, जिनके संबंध में निजामपुरा, शांतिनगर, हिललाइन और मानपाडा थानों में प्रकरण दर्ज थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। आरोपी ने इससे पहले भी वाहन चोरी की है या नहीं, इसकी जांच की जा रही है। इस कार्रवाई में अपराध शाखा, घटक-2 भिवंडी की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### जैन युवाओं के लिए प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

संवाददाताः माणकमल भंडारी

**पदमावत मीडिया, जोधपुर।** जैन युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैंगलोर जैन सेवा परिषद की ओर से मंगलवार से गुरुवार तक स्थानीय सिवांची भवन में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि जैन समाज के ऐसे युवा जिन्हें रोजगार की आवश्यकता है और जो जैन धार्मिक संस्थानों अथवा निजी क्षेत्र में नौकरी करना चाहते हैं, वे शिविर में भाग ले सकते हैं। शिविर में तीन दिनों तक रोजगार एवं प्रशिक्षण से संबंधित आवश्यक जानकारी दी जाएगी। इच्छुक युवाओं से निर्धारित प्रपत्र भरकर शिविर स्थल पर पहुंचने की अपील की गई है।

### सलूंबर जिले में 18 उचित मूल्य दुकानों के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित

**पदमावत मीडिया, सलूंबर।**

जिले में रिक्त एवं नवसृजित 18 उचित मूल्य दुकानों के आवंटन के लिए पात्र एवं इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन 31 अगस्त 2026 शाम 5 बजे तक जिला रसद अधिकारी कार्यालय, सलूंबर में जमा कराए जा सकेंगे। जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनेद पी पी ने बताया कि सलूंबर तहसील की 2, सराड़ा की 9 तथा लसाड़िया तहसील की 7 दुकानों का आवंटन निर्धारित आरक्षण प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

## स्वतंत्रता दिवस पर प्रतिभाशाली बालिकाओं का सम्मान, बेटियों की उपलब्धियों को मिला प्रोत्साहन



**पदमावत मीडिया, उदयपुर।**

गिर्वा पंचायत समिति में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कृति, कला, खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाशाली बालिकाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विकास अधिकारी वीरेंद्र व्यास ने महिलाओं एवं प्रतिभाशाली बालिकाओं का सम्मान किया। कार्यक्रम में आईसीडीएस बाल विकास परियोजना अधिकारी दीपिका मीणा भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग की ओर से 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत बालिकाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। सुपरवाइजर पूजा पाटीदार ने बालिकाओं के प्रोत्साहन, शिक्षा एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि बेटियों को शिक्षा, आत्मविश्वास और अपनी प्रतिभा के बल पर आगे बढ़ने के समान अवसर मिलना जरूरी है। महिला अधिकारिता विभाग द्वारा शिक्षा, संस्कृति, कला, खेल सहित 10 अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाशाली बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। बालिकाओं के माता-पिता को भी सम्मानित किया गया। अतिथियों ने बालिकाओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी निरंतर बेहतर प्रदर्शन करने और अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभाशाली बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए बेटियों को आगे बढ़ाने और उनके प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बेटियों की प्रतिभा को पहचान देना, उन्हें प्रोत्साहित करना तथा शिक्षा, खेल, कला, संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने का संदेश देना रहा।

## गोरनिया घाटा महादेव में दशनाम गोस्वामी समाज की बैठक, सामाजिक एकता और विकास पर हुआ मंथन

**पदमावत मीडिया, झाड़ोल।**



दशनाम गोस्वामी समाज, झालावाड़ मंडल की ओर से गोरनिया घाटा महादेव मंदिर परिसर में समाज की बैठक एवं धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों एवं समाजबंधुओं ने भाग लेकर समाज की एकता, संगठन और सर्वांगीण विकास को लेकर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान एवं श्रद्धापूर्वक भगवान महादेव एवं मातारानी की ध्वजा चढ़ाकर किया गया। समाजबंधुओं ने पूजा-अर्चना कर समाज की सुख-समृद्धि, एकता एवं कल्याण के साथ क्षेत्र के उज्वल भविष्य की मंगलकामना की। धार्मिक कार्यक्रम के बाद आयोजित बैठक में समाज के विकास एवं उत्थान से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। समाज को अधिक संगठित एवं मजबूत बनाने, आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने तथा समाज के युवाओं को सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के साथ प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने तथा समाज के जरूरतमंद परिवारों की सहायता जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। समाजबंधुओं ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सभी सदस्यों की सक्रिय सहभागिता और आपसी सहयोग आवश्यक है। इस दौरान उपस्थित समाजबंधुओं ने समाज की एकता, संगठन एवं विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आपसी प्रेम, सद्भाव एवं भाईचारे का वातावरण बना रहा। अंत में दशनाम गोस्वामी समाज, झालावाड़ मंडल की ओर से सभी उपस्थित समाजबंधुओं का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही भविष्य में भी सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को एकजुट, संगठित एवं सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

## मोलेला के प्रसिद्ध मूर्तिकार भग्गा लाल कुम्हार को 'डॉक्टर ऑफ लेटर्स' की मानद उपाधि




**पदमावत मीडिया, उदयपुर।**

मोलेला की प्रसिद्ध टेराकोटा कला को देश-विदेश में पहचान दिलाने वाले कलाकार भग्गा लाल कुम्हार को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के 31वें दीक्षांत समारोह में 'डॉक्टर ऑफ लेटर्स (डी-लिट.) विद्या वाचस्पति' की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय ने कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उनके योगदान, पारंपरिक मोलेला टेराकोटा कला के संरक्षण तथा इसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए यह सम्मान प्रदान किया। भग्गा लाल कुम्हार ने पीढ़ियों से चली आ रही पारंपरिक मिट्टी कला को अपने हुनर से नई पहचान दिलाई है। समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलाधिपति सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास से मनाया सावन उत्सव एवं तीज पर्व

**पदमावत मीडिया, उदयपुर।**



सालवी समाज छप्पन क्षेत्र की महिलाओं द्वारा सावन माह में सावन उत्सव एवं तीज पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन सालवी समाज के क्वीन ग्रुप के नेतृत्व में किया गया। क्वीन ग्रुप का नेतृत्व सुमन डोडिया ने किया। कार्यक्रम में नरबदा, ललिता, कांता, मीनाक्षी, पुष्पा देवी सहित सालवी समाज की समस्त महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस अवसर पर महिलाओं ने सावन एवं तीज के पारंपरिक गीत, भजन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। महिलाओं ने एक-दूसरे को तीज पर्व की शुभकामनाएं दीं और समाज की संस्कृति एवं परंपराओं को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। सावन की तीज के अवसर पर महिलाओ ने श्रृंगार से संबंधित गिफ्ट वितरित किया। कार्यक्रम में महिलाओं की एकजुटता, आपसी प्रेम एवं भाईचारे की भावना देखने को मिली। सावन उत्सव एवं तीज पर्व के इस आयोजन ने समाज की महिलाओं को एक साथ आने और अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का सुंदर अवसर प्रदान किया।

## रेलमगरा पुलिस की कार्रवाई, ब्राउन शुगर के साथ चार गिरफ्तार

**पदमावत मीडिया, राजसमंद।** ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत रेलमगरा पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान 3.91 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से दो मोटरसाइकिलें भी जब्त की गईं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया है। गिरफ्तार आरोपी चेतन उर्फ केतन, मनीष, बंशीलाल एवं शिवम उर्फ मिथिलेश सभी नाथद्वारा क्षेत्र के निवासी हैं।

## बिहार में विशेष अभियान का असर, 84 हजार से अधिक वाहनों की जांच

**पदमावत मीडिया, पटना।**



बिहार पुलिस के विशेष समकालीन अभियान के तहत 14 से 16 अगस्त तक राज्यभर में करीब 84,014 वाहनों की जांच की गई। नियमों के उल्लंघन पर 7,755 वाहनों से 1.02 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया। अभियान में 171 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और 69 वाहन जब्त किए गए। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 4,925 लीटर से अधिक देशी शराब, 4,146 लीटर से अधिक विदेशी शराब, 28 अवैध हथियार और 68 कारतूस बरामद किए। मादक पदार्थों में 593 किलो से अधिक गांजा, 1.14 किलो स्मैक, ब्राउन शुगर और हेरोइन सहित अन्य सामग्री बरामद की गई। नशीले पदार्थों से जुड़े मामलों में 66 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान जाली भारतीय मुद्रा, नकदी, मोबाइल फोन, स्प्रिट और कफ सिरप भी जब्त किए गए। पुलिस मुख्यालय के अनुसार अपराध एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## फसल बीमा में गांव प्रदर्शित नहीं होने की समस्या का होगा त्वरित समाधान

**पदमावत मीडिया, सलूंबर।**

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ-2026 में अधिकाधिक किसानों को लाभ दिलाने के लिए कृषि विभाग ने राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर गांवों का विवरण अद्यतन करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। कुछ गांवों के नाम पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं होने की शिकायतों का भी त्वरित समाधान किया जाएगा। कृषि आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने बताया कि खरीफ-2026 के लिए बीमा की अंतिम तिथि 16 अगस्त थी। किसानों के हित में अवधि बढ़ाकर 20 अगस्त किए जाने के लिए भारत सरकार से अनुरोध किया गया है। अवधि बढ़ने पर गैर-ऋणी एवं बटाईदार सहित पात्र किसान फसल बीमा करा सकेंगे। विभाग ने अधिकारियों को पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहे गांवों का विवरण तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि संबंधित गांवों को पोर्टल पर अपडेट किया जा सके और कोई पात्र किसान बीमा से वंचित न रहे। कृषि आयुक्त ने बताया कि इस बार कम प्रीमियम दरों के साथ 7 दिन में फसल बीमा कॉपी उपलब्ध कराने तथा सर्वेयर नियुक्ति में देरी या सर्वे रिपोर्ट समय पर नहीं देने पर पेनल्टी जैसे प्रावधान किए गए हैं। फार्मर आईडी अनिवार्य किए जाने से फर्जीवाड़े पर भी रोक लगेगी। विभाग ने किसानों से तकनीकी समस्या होने पर संबंधित कृषि अधिकारियों को तत्काल सूचना देने की अपील की है।

## पायधुनी पुलिस की कार्रवाई, 1.16 करोड़ 50 हजार रुपये की नकदी बरामद

## विश्वास से सौंपी 1.20 करोड़ रुपये की नकदी में हेराफेरी, एक आरोपी गिरफ्तार

**पदमावत मीडिया, मुंबई।**



पायधुनी पुलिस ने कार्यालय से सौंपी गई 1 करोड़ 20 लाख रुपये की नकदी का अपहरण कर फरार होने के मामले का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से मामले में हड़पी गई रकम में से 1 करोड़ 16 लाख 50 हजार रुपये बरामद किए हैं। मामले में मुख्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार 8 अगस्त 2026 को शिकायतकर्ता ने आरोपी पीरासिंग देवड़ा को अपनी दूसरी शाखा से 1 करोड़ 20 लाख रुपये नकद लाने के लिए कहा था। शिकायतकर्ता ने नकदी से भरे दो बैग आरोपी पीरासिंग देवड़ा को विश्वासपूर्वक सौंपे थे, ताकि वह उन्हें शिकायतकर्ता तक पहुंचा सके। आरोप है कि पीरासिंग देवड़ा ने नकदी से भरे बैग बदल दिए और उनके स्थान पर कागज के टुकड़ों से भरे बैग शिकायतकर्ता को सौंप दिए। इसके बाद वह 1 करोड़ 20 लाख रुपये की नकदी लेकर फरार हो गया। इस संबंध में 10 अगस्त 2026 को पायधुनी पुलिस थाने में अपराध क्रमांक 872/2026 दर्ज किया गया। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 316(4) के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी जांच, सीसीटीवी फुटेज और गोपनीय सूचना के आधार पर पहले घटनास्थल तथा उसके बाद अहमदाबाद में जांच की। जांच में सामने आया कि आरोपी पीरासिंग देवड़ा ने अपने सगे भाई युवराज सिंह देवड़ा, उम्र 24 वर्ष, निवासी मामावली, तालुका एवं जिला सिरोही, राजस्थान के साथ मिलकर षड्यंत्र रचकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस टीम ने लगातार और तकनीकी तरीके से जांच करते हुए 14 अगस्त 2026 को राजस्थान स्थित आरोपियों के मूल गांव पहुंचकर युवराज सिंह देवड़ा को गिरफ्तार किया। पूछताछ एवं जांच के बाद उसके कब्जे से हड़पी गई 1 करोड़ 20 लाख रुपये की रकम में से 1 करोड़ 16 लाख 50 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपी की पहचान युवराज सिंह वसंत सिंह देवड़ा, उम्र 24 वर्ष, निवासी मामावली, तालुका एवं जिला सिरोही, राजस्थान के रूप में हुई है। वहीं मामले में वांछित आरोपी पीरासिंग वसंत सिंह देवड़ा, उम्र 30 वर्ष, की तलाश जारी है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है। इस कार्रवाई में पुलिस आयुक्त देवेन भारती, पुलिस सह आयुक्त मनोजकुमार शर्मा, अपर पुलिस आयुक्त शैलेश बलकवडे, पुलिस उपायुक्त रागसुधा आर., सहायक पुलिस आयुक्त रेणुका बुवा के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक लक्ष्मीकांत सालुंखे, पुलिस निरीक्षक अपराध अजय कदम, पुलिस उप निरीक्षक सचिन लहामगे, सहायक पुलिस निरीक्षक किरण मांढरे, पुलिस उप निरीक्षक कल्पेश चव्हाण, दीपक ठोंबरे, आकाश तेलकापल्लीवार तथा अपराध प्रकटीकरण पथक के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

# जम्मू में 10 हजार रुपये रिश्वत लेते जेके पुलिस का सब-इंस्पेक्टर गिरफ्तार



पदमावत मीडिया, जम्मू।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रिश्वतखोरी के मामले में जम्मू-कश्मीर पुलिस के जनिपुर थाना, जम्मू में तैनात सब-इंस्पेक्टर डेनिश हमीद को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सीबीआई के अनुसार आरोपी पुलिस अधिकारी ने एक वैवाहिक विवाद के मामले में शिकायतकर्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं करने के एवज में 20 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता और आरोपी के बीच बातचीत के बाद 10 हजार रुपये में रिश्वत लेने पर सहमति बनी। शिकायत के आधार पर सीबीआई ने 16 अगस्त 2026 को मामला दर्ज किया। इसके बाद सीबीआई की टीम ने जाल बिछाकर कार्रवाई की और आरोपी सब-इंस्पेक्टर डेनिश हमीद को शिकायतकर्ता से 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग करते और स्वीकार करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। सीबीआई ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ भ्रष्टाचार संबंधी प्रावधानों के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# नगर निकाय चुनाव के लिए नगर निगम व 10 पालिकाओं की लॉटरी प्रक्रिया पूरी



पदमावत मीडिया, भीलवाड़ा।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में नगर निगम भीलवाड़ा एवं जिले की 10 नगर पालिकाओं की लॉटरी प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सबसे पहले नगर निगम भीलवाड़ा के लिए लॉटरी निकाली गई। इसके बाद आसींद, गुलाबपुरा, गंगापुर, हमीरगढ़, बनेड़ा, शाहपुरा, जहाजपुर, बीगोद, मांडलगढ़ एवं बिजोलिया नगर पालिकाओं की लॉटरी प्रक्रिया पूरी की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से कराई गई तथा इसकी वीडियोग्राफी भी की गई। आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर तैयारियां आयोग के निर्देशानुसार जारी हैं।

# श्री बालाजी आईटीआई में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित

पदमावत मीडिया, नसीराबाद।

भवानीखेड़ा स्थित श्री बालाजी आईटीआई परिसर में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। न्यू संस्कृति स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर



उपस्थितजनों का मन मोह लिया। अभिभावकों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में भवानीखेड़ा मंडल अध्यक्ष हीरा सिंह रावत, डॉ. विनायक गौड़, योगेश सोनी, सरवन सिंह रावत, महेंद्र डाबी, विनोद शर्मा, नवाब कुरैशी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। संचालन सीमा गोयल ने किया। अंत में न्यू संस्कृति स्कूल की प्रधानाचार्य नेमलता सोनी ने अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# आजादी के रंग, पापा के संग' में हियांशी औदिच्य सेमाल ने हासिल किया प्रथम स्थान

## सेंट्रल एकेडमी हिरण मगरी सेक्टर-3 में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के साथ मनाया

पदमावत मीडिया, उदयपुर।

हिरण मगरी सेक्टर-3 स्थित सेंट्रल एकेडमी विद्यालय में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास, उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। इस अवसर पर आयोजित 'आजादी के रंग, पापा के संग' कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें हियांशी औदिच्य सेमाल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। मयुरेश औदिच्य ने बताया कि समारोह का शुभारंभ विद्यार्थियों के एकत्रीकरण एवं विशेष प्रार्थना सभा के साथ हुआ। विद्यालय के युवा प्रबंधक शिवांगम वत्स ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने आकर्षक मार्च पास्ट, देशभक्ति समूहगान, नृत्य एवं कविताओं की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया।




**'आजादी के रंग, पापा के संग' रहा विशेष आकर्षण:** स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान आयोजित 'आजादी के रंग, पापा के संग' कार्यक्रम में छोटे बच्चों के पिताओं ने अपने बच्चों के साथ देशभक्ति गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में बच्चों एवं अभिभावकों की सहभागिता ने समारोह को खास बना दिया। इस प्रतियोगिता में सेमाल गांव निवासी एवं वर्तमान में बेड़वास निवासी हियांशी पुत्री मयूरेश औदिच्य ने प्रथम स्थान हासिल किया। हियांशी की प्रस्तुति को उपस्थित अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार ने सराहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य हनुमान प्रसाद एवं उपप्रधानाचार्या अभिलाषा सारंगदेवोत ने हियांशी औदिच्य को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

**विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में योगदान का संदेश:** विद्यालय के प्रधानाचार्य हनुमान प्रसाद ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि देश के प्रति अपने कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों को समझने और उनका निर्वहन करने का भी अवसर है। विद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम की उपस्थित अभिभावकों ने सराहना की। समारोह में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए देश के प्रति प्रेम, सम्मान और जिम्मेदारी की भावना का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में उपप्रधानाचार्या अभिलाषा सारंगदेवोत ने सभी का आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों को मिठाई वितरित की गई। राष्ट्रप्रेम, उत्साह और उमंग से सराबोर वातावरण में स्वतंत्रता दिवस समारोह का समापन हुआ।

# फतेहपुरा उप डाकघर में विशेष रक्षाबंधन महोत्सव मनाया

पदमावत मीडिया, उदयपुर।

भारतीय डाक विभाग की ओर से फतेहपुरा उप डाकघर में विशेष रक्षाबंधन महोत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर डाकघर को आकर्षक रूप से सजाकर महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए राखी बुकिंग की विशेष सुविधा




उपलब्ध कराई गई। राखी स्पीड पोस्ट अथवा पार्सल बुक कराने वाली प्रथम 11 महिलाओं एवं बालिकाओं को उपहार प्रदान किए गए। पोस्टमास्टर लक्ष्मी गोस्वामी एवं सहायक ज्योति गायत्री ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। डाक विभाग ने शहर के अन्य उप डाकघरों सहित शास्त्री सर्कल एवं हिरणमगरी स्थित प्रधान डाकघरों को भी सजाया है। राखी मेल की बुकिंग पर महिलाओं एवं बालिकाओं को 10 प्रतिशत विशेष छूट दी जा रही है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

पदमावत मीडिया, जयपुर।

ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सोमवार को मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद् प्रतिभा वर्मा की अध्यक्षता में जिला परिषद् सभागार में किया गया। बैठक में पीडब्ल्यूएल सर्वे के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास हेतु चयनित नवीन



लाभार्थियों (प्रति पंचायत समिति 7 लाभार्थी) एवं वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आवासों में से आवास पूर्ण करने वाले एक-एक लाभार्थी को आवास योजना से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में 10 पंचायत समितियों से लगभग 100 लाभार्थियों ने भाग लिया। बैठक में आवास पूर्ण करने वाले लाभार्थियों को अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ब्रजमोहन गुप्ता द्वारा प्रतीकात्मक चाबी, श्रीफल एवं एक-एक मिठाई का डिब्बा देकर सम्मानित किया गया।

# श्री विजयपुरम में निकली भव्य तिरंगा रैली

पदमावत मीडिया, श्री विजयपुरम।

'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत माय भारत-श्री विजयपुरम की ओर से भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में करीब 130 माय भारत स्वयंसेवकों एवं विभिन्न शिक्षण संस्थानों के युवाओं ने भाग लेकर राष्ट्रध्वज के सम्मान और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। रैली को अंडमान लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पी.वी.एन. शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। टैगोर




गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय एवं अंडमान लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने तिरंगा हाथों में लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों के साथ रैली निकाली। रैली ऐतिहासिक सेल्युलर जेल पहुंचकर संपन्न हुई। यहां युवाओं ने स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान को याद किया तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर माय भारत के जिला युवा अधिकारी दीपक कुमार सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के अधिकारी, शिक्षक एवं स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## मादक पदार्थों के कारोबार पर मध्यप्रदेश पुलिस का बड़ा प्रहार

# एक सप्ताह में 1.26 करोड़ से अधिक की ड्रग्स व तस्करी की संपत्ति जब्त

पदमावत मीडिया, भोपाल।

मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रदेश में मादक पदार्थों की बिक्री, भंडारण, परिवहन एवं तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बीते एक सप्ताह में बड़ी कार्रवाई की है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में गांजा, अफीम, डोडाचूरा एवं एमडी ड्रग्स सहित बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किए गए। इसके साथ ही तस्करी में प्रयुक्त वाहनों एवं अन्य सामग्री को भी जब्त किया गया। इन कार्रवाईयों में कुल मिलाकर 1 करोड़ 26 लाख रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ एवं तस्करी में प्रयुक्त संपत्ति जब्त की गई है। विभिन्न मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट एवं अन्य संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

**नीमच में 51 लाख की अफीम के साथ आरोपी गिरफ्तार:** नीमच कैंट थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10 किलो 150 ग्राम अवैध अफीम बरामद की। जब्त अफीम की अनुमानित कीमत करीब 51 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चार थैलियों में अफीम बरामद हुई। पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी से मादक पदार्थ के स्रोत तथा इसके पीछे सक्रिय तस्करी नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

**सिंगरौली में 91 किलो से अधिक गांजा और दो कारें जब्त:** सिंगरौली जिले के मकरोहर चौकी




सासन क्षेत्र में पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 91 किलो 790 ग्राम गांजा बरामद किया। इसके साथ ही 93 लीटर अवैध शराब और तस्करी में प्रयुक्त दो कारें भी जब्त की गईं। कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जब्त मादक पदार्थ, शराब एवं वाहनों की कुल अनुमानित कीमत करीब 24 लाख 86 हजार रुपये बताई गई है।

**आगर-मालवा में मिनी ट्रक से 252 किलो डोडाचूरा बरामद:** आगर-मालवा जिले के थाना कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक मिनी ट्रक से 252 किलो 830 ग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद किया। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान मिनी ट्रक एवं मोबाइल सहित करीब 17 लाख 80 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की गई। पुलिस आरोपी से डोडाचूरा की तस्करी से जुड़े नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है।



**जबलपुर में दो अलग-अलग कार्रवाई, 29 किलो से अधिक गांजा बरामद:** जबलपुर में क्राइम ब्रांच एवं बरगी पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए एक युवक और एक युवती को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 11 किलो 184 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 5 लाख 59 हजार रुपये है। इसी तरह क्राइम ब्रांच एवं गढ़ा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 18 किलो 682 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 9 लाख 34 हजार रुपये बताई गई है। दोनों प्रकरणों में पुलिस ने करीब 14 लाख 93 हजार रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की।

**इंदौर में एमडी ड्रग्स की सप्लाई से पहले कार्रवाई:** इंदौर के थाना खजराना पुलिस ने देवास से इंदौर में एमडी ड्रग्स की सप्लाई करने पहुंचे एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जबकि एक बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया। दोनों के कब्जे से करीब 11 लाख 50 हजार रुपये कीमत की 100 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई। पुलिस मामले में ड्रग्स की सप्लाई से जुड़े नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है।

**सागर में गांजा तस्करी के दो मामलों में चार आरोपी गिरफ्तार:** सागर जिले के थाना कैंट पुलिस ने राठौर बंगला, कैंट के पास घेराबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 20 किलो 356 ग्राम गांजा बरामद किया गया। तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित करीब 2 लाख 80 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की गई। वहीं दूसरी कार्रवाई में दमोह से सागर गांजा लेकर पहुंचे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 2 किलो 272 ग्राम गांजा तथा तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई। इस कार्रवाई में करीब 1 लाख 5 हजार रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। सागर जिले में दोनों कार्रवाईयों में कुल मिलाकर करीब 3 लाख 85 हजार रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई।

**मंदसौर में 44 किलो डोडाचूरा जब्त:** मंदसौर जिले के थाना नारायणगढ़ पुलिस ने अंतरराज्यीय डोडाचूरा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक स्विफ्ट कार से 44 किलो अवैध डोडाचूरा बरामद किया। जब्त डोडाचूरा की अनुमानित कीमत करीब 75 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

**गुना में गांजा तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार:** गुना जिले के थाना चांचौड़ा पुलिस ने गांजा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 1 किलो 154 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। इसके साथ ही तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। जब्त संपत्ति की अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रुपये बताई गई है।

**हरदा में गांजा और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त:** हरदा जिले के थाना कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 2 किलो 20 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। पुलिस ने गांजा तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त किया। कार्रवाई में करीब 40 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की गई।

**कटनी में मोटरसाइकिल से गांजा ले जा रहे तीन आरोपी पकड़े:** कटनी जिले के थाना बड़वारा पुलिस ने मोटरसाइकिल से गांजा तस्करी करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 किलो 330 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। इसके साथ ही तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की गई।

**तस्करी नेटवर्क और संपत्ति पर भी पुलिस की नजर:** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े नेटवर्क की पहचान कर उनके खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का फोकस केवल मादक पदार्थों की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है, बल्कि तस्करी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले वाहनों एवं अन्य संपत्तियों की जब्ती की कार्रवाई भी की जा रही है।